**आक्रोश** तीन घंटे तक जाम रहा राष्ट्रीय राजमार्ग 43, दोनों ओर पांच-पांच किलोमीटर लगी रही वाहनों की कतार

# पुलिस पर पिटाई का आरोप, ग्रामीणों ने लगाया जाम





**नवभारत, कटनी।** जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जुहला गांव में सोमवार रात ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने नाबालिग बेवजह पीटा है, लिहाजा संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। करीब 3 घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के कारण हाईवे के दोनों ओर 5-5 किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। इस दौरान कई यात्री बसें और एक एम्बुलेंस भी फंसी रही। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीएसपी रत्नेश मिश्रा द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए और जाम को खोला। जानकारी के अनुसार जुहला गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा है। बीते 6 जून को जुहला के रहने वाले 17 वर्षीय एक युवक का गांव के ही जीतू आदिवासी और अमित आदिवासी से किसी बात पर विवाद हो गया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया। इसी पुलिस कार्रवाई से नाराज होकर सोमवार शाम करीब 6:34 बजे यादव समुदाय के लोग और पीड़ित के परिजन सड़क पर उतर आए और हाईवे जाम कर दिया। चक्काजाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर गाड़ियों के पहिए पूरी तरह थम गए। शहडोल की तरफ जुहला यातायात चौकी और कटनी की ओर रपटा पेट्रोल पंप तक वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। देखते ही देखते दोनों ओर करीब 5-5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें आवश्यक सेवाओं में लगी एक एम्बुलेंस भी 3 घंटे तक फंसी रही। इससे मरीजों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पीड़ित नाबालिग के पिता ने आरोप लगाया कि 6 जून को अमित और सोनू आदिवासी ने पुरानी दुश्मनी के कारण उनके बेटे को बेरहमी से पीटा था। जब वे थाने गए तो पुलिस ने केस तो लिख लिया लेकिन उन्हें पावती नहीं दी। वहीं, विक्रम की मां गौरी यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बेटे के साथ कुछ पुलिसकर्मियों ने भी मारपीट की है। परिजनों ने मांग की है कि आरोपियों के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। हंगामे की सूचना मिलते ही डीएसपी रत्नेश मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। परिजनों को भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। विरोध प्रदर्शन बंद होने के बाद राजमार्ग में आवागमन सामान्य हुआ।

जिले की पुलिस पर लगातार मारपीट के आरोप लग रहे हैं, इससे पहले कुठला क्षेत्र में पुलिस पर मारपीट का आरोप लगा था।




# रफ्तार पर रखें नियंत्रण, मोड़ में ओवरटेक नहीं करें

**सुर्खी टैंक ब्लैक स्पॉट पर लगाए गए सूचना संकेतक**

**नवभारत, कटनी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने एक मुहिम शुरू की है। यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह द्वारा थाना एनकेजे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुर्खी टैंक सरसवाही मार्ग स्थित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सुर्खी टैंक और सरसवाही मार्ग पर पिछले कुछ समय में लगातार गंभीर सड़क दुर्घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने इस दुर्घटना संभावित क्षेत्र ब्लैक स्पॉट पर विशेष ध्यान दिया है। यातायात पुलिस द्वारा इस मार्ग पर वाहन चालकों को सचेत करने के लिए विभिन्न स्थानों पर चेतावनी और जागरूकता संबंधी फ्लेक्स बोर्ड व सावधानी संकेतक स्थापित कराए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यातायात पुलिस ने वाहन को तय रफ्तार में चलाने, टर्न और संवेदनशील मोड़ों पर ओवरटेक नहीं करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के लिए कहा है। साथ ही वाहन चालकों से कहा गया है कि, सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात थाना प्रभारी ने कहा कि आने वाले दिनों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का भी सर्वेक्षण किया जाएगा। जनसहयोग के माध्यम से दुर्घटना मुक्त और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाई जाएगी।

## एक नजर में



### मझगवां फाटक में पेयजल संकट का स्थायी समाधान

**नवभारत, कटनी।** ग्राम पंचायत मझगवां फाटक के आदिवासी मोहल्ले में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट से जूझ रहे लगभग 20 से 25 परिवारों को बड़ी राहत मिल गई है। वर्षों से पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने जनहित में त्वरित और प्रभावी पहल कर क्षेत्र में नए बोर खनन का कार्य पूर्ण कराया है। लगभग एक माह पूर्व क्षेत्र में पेयजल संकट की गंभीर स्थिति को देखते हुए श्री विश्वकर्मा ने अपने प्रतिनिधि को मझगवां फाटक भेजा था। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की। उनकी समस्याओं को सुना तथा वास्तविक स्थिति पूरी जानकारी उन तक पहुंचाई। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने जनसेवा के अपने दायित्व निभाते हुए नया बोर स्वीकृति कराया। जिसके बाद बोर खनन भी कर दिया गया है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया है।

# एक साल बीता, नहीं हुआ कमीशन का भुगतान

**स्वसहायता समूह ने किया था उपार्जन कार्य**




**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा के लगभग तीन उपार्जन केंद्रों में स्व सहायता समूह द्वारा उपार्जन का कार्य वर्ष 2024-25 किया गया था जिसके कमीशन का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। एक वर्ष बाद कमीशन भुगतान नहीं होने से स्वा सहायता समूह की महिलाओं में असंतोष है।

स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कई बार नागरिक आपूर्ति निगम और जनसुनवाई के चक्कर काटने के बाद भी भुगतान अब तक लंबित है। महिलाओं का कहना है कि प्रधानमंत्री की मंशा अनुसार महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से किए गए प्रयासों में स्थानीय प्रशासन की उदासीनता भारी पड़ रही है।

कमीशन की राशि का भुगतान नहीं होने पर कहीं ना कहीं स्व सहायता समूह की महिलाओं में असंतोष पनप रहा है। वहीं इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम के प्रभारी प्रबंधन जितेन्द्र पटैल का कहना है कि इस संबंध में उन्हें जानकारी नहीं थी आपके जानकारी संज्ञान में लाई गई है मामले की जांच कराकर भुगतान कराया जाएगा।

# एआरटीओ पर आम आदमी पार्टी ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, सौंपा ज्ञापन

**आम आदमी पार्टी ने की एआरटीओ को हटाने की मांग**




**नवभारत, कटनी ।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर ज्ञापन सौंपकर परिवहन विभाग के अधिकारी संतोष पाल को जिले से तत्काल हटाने और उनके खिलाफ लंबित मामलों की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि एआरटीओ संतोष पाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लंबे समय से चर्चा में हैं। विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई में करोड़ों रुपए की संपत्तियां उजागर हुई हैं, हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत करोड़ों रूपए की संपत्तियां कुर्क किए जाने की कार्रवाई भी की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि उल्लेख किया गया है कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच में उनकी सत्यापित वैध आय लगभग 73.26 लाख पाई गई, जबकि लगभग 4.80 करोड़ की संपत्तियां और व्यय सामने आए, जिससे लगभग 4.06 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति का मामला उजागर हुआ। इसके अतिरिक्त बैंक खातों में ऋण किस्तों के भुगतान से पूर्व बार-बार नकद राशि जमा किए जाने के तथ्य भी जांच में सामने आए हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि इतने गंभीर मामलों और जांच एजेंसियों की कार्रवाई के बावजूद संबंधित अधिकारी का महत्वपूर्ण पद पर बने रहना जनता के बीच शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार विरोधी नीति पर सवाल खड़े करता है। जिले के ट्रांसपोर्टरों, वाहन मालिकों और वाहन चालकों द्वारा भी समय-समय पर अवैध वसूली, उत्पीड़न और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें उठाई जाती रही हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि जिस अधिकारी को तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

# चौरसिया मैरिज गार्डन और दिव्यांचल मैरिज गार्डन के संचालन पर रोक

**नियमों का पालन नहीं करने पर नगर निगम ने की कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** बगैर वैधानिक अनुमति और निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने पर दो मैरिज गार्डन के संचालन पर नगर निगम ने रोक लगा दी है। नगर निगम ने इंदिरा गांधी वार्ड के नदीपार क्षेत्र स्थित चौरसिया मैरिज गार्डन और महाराणा प्रताप वार्ड के बरगवां क्षेत्र स्थित दिव्यांचल मैरिज गार्डन को सील करते हुए उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन और आदर्श उपविधि के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर की गई है। जांच के दौरान पाया गया कि चौरसिया मैरिज गार्डन के संचालक द्वारा निर्धारित अवधि के बाद अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण नहीं कराया गया था, जबकि दिव्यांचल मैरिज गार्डन बिना आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त किए संचालित किया जा रहा था। नगर निगम के कॉलोनी सेल के नोडल अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि दोनों विवाह स्थलों के संचालकों को पूर्व में नोटिस जारी कर नियमानुसार पंजीयन और अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं की गई। जिसके बाद नगर निगम द्वारा वैधानिक कार्रवाई करते हुए दोनों स्थलों पर तालाबंदी कर दी गई। नोडल अधिकारी ने बताया कि नगर में संचालित सभी मैरिज गार्डन और विवाह स्थलों के लिए निर्धारित उपविधियों के अंतर्गत पंजीयन और अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य संस्थानों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर कबाड़ फैलाने पर सील की गई दुकान

**नगर निगम ने चेतावनी के बाद सुधार नहीं होने पर की कार्रवाई**



**नवभारत,कटनी।** नियमों का उल्लंघन कर कबाड़ दुकान संचालन करने पर नगर निगम ने मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित एक कबाड़ दुकान को सील कर दिया है। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि बरगवां निवासी कबाड़ व्यवसायी मुंडा कबाड़ी द्वारा लंबे समय से सार्वजनिक मार्ग और आसपास के क्षेत्र में अनधिकृत रूप से कबाड़ सामग्री का भंडारण कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। इससे नागरिकों के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न होने के साथ यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें भी की गई। जिस पर नगर निगम द्वारा संबंधित कबाड़ व्यवसायी को कई बार मौखिक और लिखित रूप से चेतावनी देकर नियमों का पालन करने के निर्देश दिए, बावजूद इसके कबाड़ व्यवसायी की गतिविधियों पर सुधार नहीं हुआ। निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए कबाड़ दुकान को सील कर दिया है।

# संत ने डेढ़ घंटे तक पानी में की शवासन योग


**रूपनाथ धाम पहुंचकर दिखाई योग मुद्रा**



**नवभारत,बहोरीबंद।** जिले के बहोरीबंद स्थित रूपनाथ धाम बहोरीबंद में चित्रकूट से आए योग साधक 72 वर्षीय संत रामसखा पांडे ने रूपनाथ धाम में दोपहर के समय पूजा पाठ कर डेढ़ घंटे पानी पर शवासन मुद्रा पर का प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी मुद्रा देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इस मौके पर योग साधन संत ने कहा आधुनिक जीवन शैली में इंसान लगातार तनाव और बीमारियों से जूझ रहा है ऐसे समय में योग ही ऐसा साधन है जो तन मन को संतुलित कर हर विपरीत परिस्थितियों में लड़ने की शक्ति प्रदान करता है, उपस्थित जन संत की इस अद्भुत प्रदर्शन से प्रभावित हुए। उनके योग मुद्रा प्रदर्शन के दौरान बहोरीबंद थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, महेंद्र सैनी, नरेंद्र सैनी, कृष्ण दत्त मिश्रा, राजेश रजक, श्यामसुंदर सैनी, महेंद्र महतो, अमित दुबे, नंदू दुबे ,लल्लू कुशवाहा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# लोकायुक्त ने पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, जमीन सीमांकन के बदले की थी मांग

**स्लीमनाबाद क्षेत्र के कौड़िया गांव के पटवारी पर कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को कटनी जिले के स्लीमनाबाद तहसील के कौड़िया गांव में पदस्थ पटवारी स्वयं प्रकाश मेहरा को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पटवारी ने एक किसान से जमीन के सीमांकन के बदले में रिश्वत की मांग की थी। कौड़िया निवासी शिकायतकर्ता शिव कुमार जायसवाल ने लोकायुक्त जबलपुर से शिकायत की थी कि उसकी जमीन का सीमांकन करने के बदले में पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने शिकायत की गोपनीय जांच कराई, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद मंगलवार को लोकायुक्त की टीम ने तहसील क्षेत्र में जाल बिछाया। पीड़ित शिव कुमार जायसवाल ने पटवारी स्वयं प्रकाश मेहरा को जैसे ही केमिकल लगे 5 हजार रुपए दिए, तभी पहले से घात लगाए बैठी लोकायुक्त की टीम ने आरोपी पटवारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। हाथ धुलवाते ही पटवारी के हाथ गुलाबी हो गए। लोकायुक्त की कार्रवाई से स्लीमनाबाद तहसील परिसर और राजस्व अमले में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के बाद लोकायुक्त की टीम आरोपी पटवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि मामले के अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लोकायुक्त निरीक्षक राहुल गजभिए ने बताया कि मामले से संबंधित अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के पटवारियों में हड़कंप की स्थिति रही है।

**विकास** महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष, स्थानीय पार्षद सहित वार्डवासियों की उपस्थिति में कराया गया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

# वार्डवासियों की अपेक्षा के अनुसार नगर निगम उपलब्ध करा रहा है बेहतर सुविधाएं



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। विकास कार्यों के इसी क्रम में जयप्रकाश वार्ड में करीब एक करोड़ रुपए की अधिक की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, क्षेत्रीय पार्षद और मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी गोवर्धन दास उदासी , भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया। स्वीकृत विकास कार्यों के अंतर्गत जयप्रकाश वार्ड में रामलीला मैदान क्षेत्र से जुड़े मार्गों का सीसी सड़क निर्माण, विभिन्न गलियों में सीसी नाली निर्माण, क्षतिग्रस्त मार्गों का डामरीकरण, नाला सुधार कार्य, सुरक्षा के मद्देनजर रिटेनिंग वॉल निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही जलभराव की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संरचनात्मक कार्य भी किए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने के बाद वार्ड में आवागमन सुविधाएं बेहतर होंगी, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में कमी आएगी। नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से सभी वार्डों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। महापौर ने कहा कि नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे शहर के सभी वार्ड सशक्त बने और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम के संयुक्त प्रयासों से शहर में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश वार्ड में स्वीकृत ये निर्माण कार्य नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था की सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय पार्षद ने कहा कि सड़क, नाली, डामरीकरण और रिटेनिंग वॉल निर्माण जैसे कार्यों से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और वार्ड के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव सहित अन्य की मौजूदगी रही।

# बनते ही उखड़ी सड़क, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**सेंटपाल स्कूल के पीछे बनाई गई है सड़क, पार्षद ने की जांच की मांग**



**नवभारत, कटनी।** शहर के अंदर महारानी लक्ष्मी स्थित सेंटपॉल स्कूल के पीछे बनाई गई सड़क पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद अवकाश जायसवाल ने नगर निगम आयुक्त से सड़क निर्माण में की गई गुणवत्ता की अनदेखी की शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य की जांच नहीं कराई गई है। शिकायत में पार्षद अवकाश जायसवाल ने कहा था कि महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में सेंट पॉल स्कूल के पीछे लगभग दो माह पहले सीसी रोड निर्माण का कार्य कराया गया था। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ समय के बाद ही सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। वर्तमान में सड़क की हालत ऐसी प्रतीत हो रही है जैसे यह सड़क कई वर्षों पुरानी हो। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क की सतह कई स्थानों से उखड़ने लगी है, गिट्टियां बाहर निकल रही हैं, पूरी सड़क पर रेत फैलती जा रही है। इस स्थिति से यह स्पष्ट है कि निर्माण कार्य में आवश्यक गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया है। निर्माण के दौरान लापरवाही और अनियमितताएं की गई हैं। पार्षद ने कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही होना आवश्यक है, ताकि शासकीय राशि का बेहतर उपयोग हो सके। पार्षद ने कहा कि जनहित को ध्यान रखते हुए सेंट पॉल स्कूल के पीछे निर्मित सीसी रोड के निर्माण कार्य की स्वतंत्र और तकनीकी गुणवत्ता जांच कराई जाए, जांच पूरी होने तक संबंधित निर्माण कार्य से संबंधित किसी प्रकार का भुगतान नहीं निगम द्वारा नहीं किया जाए।